एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# घूमने का शौक है तो यह 5 बातें ध्यान रखिये

## रास्ते में कमाई भी होती रहेगी



आप मनी ट्रेवल कर सकते हैं। जिसमें आपका जब भी और जितना भी मन करे ट्रेवल कर सकते हैं साथ में पैसे की कमी भी नहीं होगी। तो घुमक्कड़ लोग इस आर्टिकल को पूरा पढ़ें और जितना चाहे उतना घूमें। जरा सोचिए कि आप घूम रहे हैं और उस वक्त आपका बजट खत्म हो रहा है। जी हां ट्रेवल में सबसे बड़ी परेशानी जो आती है वो होती है पैसा खत्म होने का डर। लेकिन आज ट्रेवल जुनून में हम आपको ऐसे तरीके बताने जा रहे हैं जिनके जरिये आप जब तक चाहे ट्रेवल कर सकते हैं और साथ ही पैसे की भी किल्लत नहीं होगी। इसके लिए आप मनी ट्रेवल कर सकते हैं। जिसमें आपका जब भी और जितना भी मन करे ट्रेवल कर सकते हैं साथ में पैसे की कमी भी नहीं होगी। तो घुमक्कड़ लोग इस आर्टिकल को पूरा पढ़ें और जितना चाहे उतना घूमें। अगर आपके पास लैपटॉप है और आईटी के बारे में कुछ जानकारी रखते हैं तो आप आसानी से पूरी दुनिया को अपना ऑफिस बना कर घूमने के लिए आजाद हैं। हम आपको 5 ऐसे तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं जो आपके ट्रेवल में मदद करेंगे।

Upwork.com एक ऐसी वेबसाइट है जो कि फ्रीलांसरों के लिए बनी है। यानि कि बिना किसी कंपनी के एम्प्लॉयी बने आप इसके जरिए काम ले सकते हैं। इसमें काफी सारी कंपनियां और छोटे बिजनेस कॉपी राइटिंग से लेकर वेब डिजाइन, ग्राफिक्स डिजाइन, एडिटिंग जैसे काम के लिए लोगों को तलाशते हैं। इसके लिए आपको उस प्रोजेक्ट के लिए अपना प्रस्ताव पोस्ट करना होगा। हर दिन अपवर्क पर लाखों पोस्ट होते हैं, तो जो आपकी स्किल से मैच होता है उसके लिए अप्लाई कर दें। Fiverr.com पर लोग किसी भी तरह के काम के लिए 5 डॉलर देते हैं। ये ज्यादातर टेक्निकल स्किल रखने वाले लोगों के लिए बनी है। लेलिन इसमें वेब डिजाइन से लेकर राइटिंग से जुड़ी चीजें भी पोस्ट की जाती हैं। कभी कभी तो इस वेबसाइट पर ब्रेकअप करने के लिए भी पोस्ट होते हैं और उसके लिए आपको 5 डॉलर मिल जाता है। इसमें आपको बस एक चीज का ध्यान रखना होगा कि ट्रेवल को कैसे शामिल किया जाए। जैसे कि आप किसी के लिए 5 डॉलर में पोस्टकार्ड भेज सकते हैं।

TakeLessons टीचर और स्टूडेंट के लिए एक वेबसाइट है और अगर आपके पास कुछ भी सिखाने के लिए है तो आप इस वेबसाइट पर जाएं और ऐसे इंसान से जुड़ जाएं जो आपके उस टैलेंट को या फिर स्किल को सीखना चाहता हो। इसे Skype, Google Hangouts या अगर वो आपके शहर में ही है तो उसे मिलकर पढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा आप ऑनलाइन लेक्चर्स दे सकते हैं। इसमें आप किसी को गाना सिखाना, वर्डप्रेस सिखाना, एक्टिंग, डांस जैसी कई चीजें कर सकते हैं। इसके लिए आप अपना फ्री अकाउंट बनाएं और इसमें ये बताएं कि आप रोजाना कितने घंटे पढ़ा सकते हैं, ये तय करें और इसके मुताबिक अपना वक्त बनाएं। आपका जो भी छात्र होगा वो एक टाइम स्लॉट के लिए साइन अप करेगा और आपको पेपॉल के जरिये पैसे देगा।ये साइट कुछ कुछ इस तरह है कि fiverr.com और Take Lessons की मुलाकात हो गई। ये ज्यादा बिजनेस पर केंद्रित है तो अगर आपका बैकग्राउंड ऑनलाइन मार्केटिंग, डिजाइन, या टेक्नॉलजी में है तो ये पूरी तरह से आपके लिए ही हैं। ये जिस तरह से काम करता है वो काफी आसान है, इसमें आपको मुफ्त में अपना अकाउंट बनाना होगा, अपना प्रोफाइल भरना होगा, अपने एक्सपर्ट जोन को भरना होगा और फिर अपना कॉल रेट सेट करना होगा। आपकी कॉल रेट वो राशि होगी जो आप लोगों से प्रति मिनट फोन पर या स्काइप पर बात करने के लिए लेंगे।

Skype का इस्तेमाल कर आप किसी भी वक्त, कहीं पर भी यात्रा कर सकते हैं और साथ में अपना काम भी कर सकते हैं, लेकिन ये तभी तक काम करेगा जब तक आपके पास इंटरनेट कनेक्शन है। इसके लिए तो आपको लैपटॉप की भी जरूरत नहीं है क्योंकि अपने स्मार्टफोन के माध्यम से ही Skype का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसका कई लोग इस्तेमाल करते हैं। जैसे कि जो लोग ऑनलाइन थेरेपी दे सकते हैं। या फिर किसी तरह के अगर आप टीचर हैं तो भी आप Skype का इस्तेमाल कर सकते हैं। वहीं बिजनेस कंसलटेंट भी इसका यूज कर सकते हैं। वहीं Skype पूरी तरह से मुफ्त है तो इस्तेमाल करना और भी सही रहता है। तो ये हमने आपको कुछ तरीके बताए जिसमें आप घूमते वक्त भी पैसा कमा सकते हैं। अब इन तरीकों को अपना कर आप बिना चिंता के घूमना शुरू करें।





# शिगार घाटी घूमने आइए यहाँ आपको कई ऐतिहासिक स्थल मिलेंगे

**शिगार का कस्बा घाटी की सबसे बड़ी बसावट है। हालांकि ये इलाका सुदूर क्षेत्र में है और आम लोगों की पहुंच से दूर है लेकिन फिर भी यहां कई गांव मौजूद हैं। अब शिगार एक जिला बन चुका है। ये तस्वीर अलटिट किले की है।**

शिगार घाटी का नाम शिगार नदी के नाम पर पड़ा है। बाईं ओर की तस्वीर इसी इलाके की है। ये घाटी 170 किलोमीटर तक फैली है जो स्कार्दू से असकोल तक जाती है और यहीं से काराकोरम पर्वत श्रृंखला की शुरुआत होती है। शिगार का कस्बा घाटी की सबसे बड़ी बसावट है। हालांकि ये इलाका सुदूर क्षेत्र में है और आम लोगों की पहुंच से दूर है लेकिन फिर भी यहां कई गांव मौजूद हैं। अब शिगार एक जिला बन चुका है। ये तस्वीर अलटिट किले की है जो हुंजा घाटी में स्थित एक ऐतिहासिक धरोहर है। यह यहां पूर्व में शासकों का घर रह चुका है जो मीर नाम लगाते थे। यहां का अलटिट किला कम से कम 1100 साल पुराना है और ये गिलगित.बाल्टिस्तान की सबसे पुरानी धरोहर है। स्कार्दू एयरपोर्ट एक घरेलू नागरिक हवाई अड्डे के साथ साथ गिलगित.बाल्टिस्तान में पाकिस्तान का एयरबेस भी है। ये पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद से जुड़ा है। पाकिस्तान की इंटरनेशनल एयरलाइन फ्लाइट के साथ.साथ ये पाकिस्तान एयरफोर्स के लिए फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस के रूप में भी काम करता है। वर्तमान में गिलगित.बल्तिस्तानए सात ज़िलों में बंटा हैए इसकी जनसंख्या लगभग दस लाख और क्षेत्रफल 28,000 वर्ग मील है। गिलगित नदीए जिसे गिजर नदी भी कहा जाता हैए ये पाक.अधिकृत कश्मीर के गिलगित.बाल्टिस्तान क्षेत्र में बहती है। यह सिन्धु नदी की ही एक उपनदी है। गिलगित शहर इसी नदी के किनारे बसा हुआ है। गिलगित नदी 12,200 फीट की ऊंचाई पर स्थित शंदूर झील से शुरू होती है और आगे चलकर इसमें पहले दाईं तरफ से गिजर नदी और फिर बाईं तरफसे हुन्जा नदी मिलती है। गिलगित-स्कार्दू रोड एक बेहद खूबसूरत लेकिन भयानक सड़क मार्ग है। यह 167 किलोमीटर लंबा है। इसे स्ट्रैटिजिक हाइवे (एस-1) के नाम से भी जाना जाता है। ये सड़क काराकोरम हाईवे गिलगित-बाल्टिस्तान से शुरू होती है और नेमसेक जिले तक जाती है जो 1500 मीटर की ऊंचाई पर है। इस सड़क में कई तरह के खतरनाक रास्ते हैं। ये सिंधु नदी के साथ साथ चलती है। कई जगह ये चौड़ी दिखाई देती है तो कहीं बेहद दुर्गम कहीं ये इतनी संकरी हो जाती है कि इसमें से सिर्फ एक वाहन एक बार में गुजर सकता है। इसे दुनिया के सबसे जोखिम भरे रास्तों में गिना जाता है। ये तस्वीर हुंजा घाटी की है। ये एक पर्वतीय घाटी है जो पाकिस्तान के सुदूर उत्तरी हिस्से में है। ये अफगानिस्तान के वखान कॉरिडोर से लगता है और चीन के शिन्जियांग प्रांत से भी लगा हुआ है। हुसैनी पुल को दुनिया के सबसे खतरनाक पुलों में गिना जाता है। ये ऊपरी हुंजा में स्थित है। पहले ये बेहद संकरा और साधारण था लेकिन रिपेयरिंग के बाद इस पर काफी लोग आसानी से जा सकते हैं। काराकोरम हाईवे दुनिया की सबसे अधिक ऊंचाई पर स्थित एक पक्की अंतरराष्ट्रीय सड़क है। यह काराकोरम पर्वत श्रृंखला से होकर गुजरती है व चीन-पाकिस्तान को खुंजराब दर्रे के माध्यम से आपस में जोड़ता है। यहां इसकी ऊंचाई समुद्र तल से 4693 मीटर है। यह पाक अधिकृत कश्मीर के गिलगित-बाल्तिस्तान के साथ चीन के शिंजियांग क्षेत्र को जोड़ता है। इसके साथ ही यह एक लोकप्रिय पर्यटक आकर्षण भी है। काराकोरम राजमार्ग को आधिकारिक तौर पर पाकिस्तान में N-35 और चीन में चीन का राष्ट्रीय राजमार्ग 314 (G314) के नाम से जाना जाता है।फंदेर झीलए फंदेर गांव में ही स्थित है। ये गिजर जिले में है। इस झील में आपको हमेशा शुद्ध जल मिलेगा। ये झील 44 मीटर तक गहरी है जिसमें बड़े बड़े पेड़ भी हैं।